# राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम, 2016

**(2016 का अधिनियम संख्यांक 17)**

**[25 मार्च, 2016]**

**विद्यमान राष्ट्रीय जलमार्गों और कतिपय अंतर्देशीय जलमार्गों को राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित करने का उपबंध करने तथा पोत परिवहन और नौ परिवहन के प्रयोजनों के लिए उक्त जलमार्गों के विनियमन और विकास का तथा उससे संबंधित या उसके आनुषंगिक विषयों का भी उपबंध करने के लिए अधिनियम**

भारत गणराज्य के सड़सठवें वर्ष में संसद् द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो:—

**1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ**—(1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम, 2016 है ।

(2) यह उस तारीख को प्रवृत्त होगा, जो केन्द्रीय सरकार, राजपत्र में, अधिसूचना द्वारा, नियत करे ।

**2. विद्यमान राष्ट्रीय जलमार्ग तथा कतिपय अंतर्देशीय जलमार्गों की राष्ट्रीय जलमार्गों के रूप में घोषणा**—(1) अनुसूची के क्रम संख्यांक 1 से 5 में तथा उसके स्तंभ (3) में दी गई उनकी सीमाओं के साथ विनिर्दिष्ट विद्यमान राष्ट्रीय जलमार्ग, जिन्हें धारा 5 की उपधारा (1) में निर्दिष्ट अधिनियमों के अधीन उस रूप में घोषित किया गया है, पोत परिवहन और नौ परिवहन के प्रयोजनों के लिए, इस अधिनियम के अधीन राष्ट्रीय जलमार्ग इस अधिनियम के अधीन किए गए उपांतरणों के अधीन रहते हुए बने रहेंगे ।

(2) उपधारा (1) में निर्दिष्ट उन जलमार्गों का विनियमन और विकास, जो केन्द्रीय सरकार के नियंत्रण के अधीन रहा है, उसी रूप में बना रहेगा यदि उक्त जलमार्गों को इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन राष्ट्रीय जलमार्ग के रूप में घोषित कर दिया जाता है ।

(3) अनुसूची में क्रम संख्यांक 6 से 111 में विनिर्दिष्ट अंतर्देशीय जलमार्गों के बारे में इसके द्वारा घोषित किया जाता है कि वे उसके स्तंभ (3) में दी गई उनकी सीमाओं के साथ पोत परिवहन और नौ परिवहन के प्रयोजनों के लिए राष्ट्रीय जलमार्ग होंगे ।

**3. संघ द्वारा कतिपय प्रयोजनों के लिए अनुसूची में विनिर्दिष्ट जलमार्गों के नियंत्रण और विकास की समीचीनता के बारे में घोषणा**—धारा 2 की उपधारा (1) और उपधारा (2) में जैसा उपबंधित है, उसके सिवाय यह घोषित किया जाता है कि लोकहित में यह समीचीन है कि संघ, पोतपरिवहन और नौ परिवहन के प्रयोजनों के लिए अनुसूची में विनिर्दिष्ट जलमार्गों के विनियमन और विकास को भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण अधिनियम, 1985 (1985 का 82) में उपबंधित विस्तार तक अपने नियंत्रण में ले ले ।

**4. 1985 के अधिनियम सं० 82 की धारा 2 का संशोधन**—भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण अधिनियम, 1985 की धारा 2 के खंड (ज) के स्थान पर, निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात्:—

'(ज) "राष्ट्रीय जलमार्ग" से ऐसा अंतर्देशीय जलमार्ग अभिप्रेत है जिसे राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम, 2016 की धारा 2 द्वारा राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित किया जाए ।

**स्पष्टीकरण**—यदि संसद्, विधि द्वारा, किसी अन्य जलमार्ग को राष्ट्रीय जलमार्ग के रूप में घोषित करती है तो उस तारीख से, जिसको ऐसी घोषणा प्रभावी होती है, ऐसा अन्य जलमार्ग भी—

(i) इस खंड के अर्थान्तर्गत राष्ट्रीय जलमार्ग समझा जाएगा; और

(ii) इस अधिनियम के उपबंध, आवश्यक उपांतरणों सहित (जिसके अंतर्गत इस अधिनियम के प्रारंभ के प्रति किसी निर्देश का पूर्वोक्त तारीख के प्रति निर्देश करने के रूप में अर्थान्वियन करने संबंधी उपांतरण भी हैं) ऐसे राष्ट्रीय जलमार्ग को लागू होंगे;' ।

**5. कतिपय अधिनियमितियों का निरसन और व्यावृत्ति**—(1) निम्नलिखित अधिनियमितियां, अर्थात्:—

(क) राष्ट्रीय जलमार्ग (गंगा-भागीरथी-हुगली नदी इलाहाबाद-हल्दिया खंड) अधिनियम, 1982 (1982 का 49);

(ख) राष्ट्रीय जलमार्ग (ब्रह्मपुत्र नदी का सदिया-धुबरी खंड) अधिनियम, 1988 (1988 का 40);

(ग) राष्ट्रीय जलमार्ग (पश्चिमी तट नहर तथा चंपकरा और उद्योग मंडल नहरों का कोल्लम-कोट्टपुरम खंड) अधिनियम, 1992 (1992 का 25);

(घ) राष्ट्रीय जलमार्ग (नदियों का तलचर-धामरा खंड, पूर्वी तट नहर का गोंखली-चरबतिया खंड, माताई नदी का चरबतिया-धामरा खंड और महानदी डेल्टा नदियां) अधिनियम, 2008 (2008 का 23);

(ङ) राष्ट्रीय जलमार्ग (नहरों और कालूवेली जलाशय का काकीनाडा-पुडुचेरी खंड, गोदावरी नदी का भद्राचलम-राजामुंद्री खंड और कृष्णा नदी का वजीराबाद-विजयवाड़ा खंड) अधिनियम, 2008 (2008 का 24);

इसके द्वारा निरसित की जाती है ।

(2) ऐसे निरसन के होते हुए भी, उपधारा (1) में निर्दिष्ट अधिनियमों के अधीन की गई कोई बात या कोई कार्रवाई, जहां तक वह इस अधिनियम के उपबंधों के अनुरूप है, के बारे में यह समझा जाएगा कि वह इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन की गई है या उसके किए जाने का लोप किया गया है या की गई है अथवा नहीं की गई है ।

## अनुसूची

**(धारा 2 देखिए)**

| क्रम सं० | राष्ट्रीय जलमार्ग | राष्ट्रीय जलमार्गों की सीमाएं |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1. | राष्ट्रीय जलमार्ग 1 | गंगा-भागीरथी-हुगली नदियों का इलाहाबाद-हल्दिया खंड, निम्नलिखित सीमाओं सहित, अर्थात्:—<br>बड़ाटोला नदी के, जिसे सामान्यत: चैनल क्रीक कहा जाता है, प्रवेश पर सं० 1 रिफ्यूज हाउस के बीच अंकित लाइन से हुगली नदी के ज्वारीय जल पर अंतर्देशीय जलमार्ग सीमा तक त्रिवेणी पर गंगा और यमुना नदी के संगम की ऊपरी धारा से लगभग दो किलोमीटर गंगा नदी के आर-पार इलाहाबाद में सड़क पुल से सागर प्रकाश स्तंभ के ठीक दक्षिण में 2.5 किलोमीटर की स्थिति पर और बाद में गंगा नदी के माध्यम से हिजली या बसूलपुर नदी के प्रवेश पर दाएं या दक्षिणी किनारे को जोड़ती है, फरक्का पर लाक नहर और संभरक नहर, भागीरथी नदी और हुगली नदी । |
| 2. | राष्ट्रीय जलमार्ग 2 | ब्रह्मपुत्र नदी का सदिया-धुबरी खंड, निम्नलिखित सीमाओं सहित, अर्थात्:—<br>सदिया के निकट ब्रह्मपुत्र नदी के साथ उसके संगम पर कुंडिल नदी के उत्तरी किनारे पर बिंदु से ब्रह्मपुत्र नदी के पार तक खींची गई रेखा से नदी द्वीप मजुली के प्रारंभ तक और वहां से नदी द्वीप मजुली के दोनों किनारों पर ब्रह्मपुत्र नदी की सभी वाहिकाओं से होकर नदी द्वीप मजुली के अंत तक और उसके आगे धुबरी सरिता के बहाव की दशा में अंतर्राष्ट्रीय सीमा तक । |
| 3. | राष्ट्रीय जलमार्ग 3 | पश्चिमी तट नहर तथा चंपकरा और उद्योगमंडल नहरों के कोल्लम-कोझिकोड खंड, निम्नलिखित सीमाओं सहित, अर्थात्:—<br>पश्चिमी तट नहर की उत्तरी सीमा, अक्षांश 11° 13′ 39″ उत्तरी, रेखांक्ष 75° 46′ 44″ पूर्वी कोझिकोड होगी और दक्षिणी सीमा कोल्लम जेटी के दक्षिण में 100 मीटर की दूरी पर अष्टमुडी कायल के आर-पार खींची गई रेखा होगी ।<br>चंपकरा नहर पश्चिमी तट शहर के साथ के संगम से प्रारंभ होती है और फर्टिलाइजर्स एंड कैमिकल्स ट्रावनकोर लिमिटेड, नौका द्रोणी के निकट रेल पुल (कोचीन आयल रिफाइनरी की रेल साइडिंग) पर समाप्त होती है ।<br>उद्योगमंडल नहर पश्चिमी तट नहर के साथ के संगम से प्रारंभ होती है और पडलम सड़क पुल (एलूर एडयार) पर समाप्त होती है । |
| 4. | राष्ट्रीय जलमार्ग 4 | नहरों और कालूवेली जलाशय का काकीनाडा-पुडुचेरी खंड, गोदावरी नदी का नाशिक-भद्राचलम-राजामुंदरी खंड और कृष्णा नदी के ग्राम गालागाली-वजीराबाद-विजयवाड़ा खंड के निकट पुल:—<br>काकीनाडा-पुडुचेरी नहर:<br>(वह नहर प्रणाली जिसमें काकीनाडा नहर, ईलूरू नहर, कोमामूर नहर और उत्तरी बकिंघम नहर समाविष्ट है, उत्तरी और दक्षिणी बकिंघम नहरों को जोड़ने वाली कूवम नदी का भाग, दक्षिणी बकिंघम नहर और कालूवेली जलाशय)<br>उत्तरी सीमा: अक्षांश 16° 56′ 24′ उत्तर, रेखांश 82° 14′ 20″ पूर्व पर जगन्नाधपुरम सड़क पुल, काकीनाडा के समानांतर काकीनाडा नहर के आर-पार, अनुप्रवाही 500 मीटर की दूरी पर खींची गई रेखा । |

| (1) | (2) | (3) |
|---|---|---|
| | | दक्षिणी सीमा : पूर्वी तट राजमार्ग और कनक चेट्टीकुलम पर चिन्नाकालावरी कनकचेट्टीकुलम सड़क का संधिस्थान जो आक्षांश 20° 0′ 07″ उत्तर, रेखांश 79° 52′ 12″ पूर्व पर कालूवेली जलाशय की कृत्रिम नहर श्रृंखला का अंतिम स्थल । |
| | | गोदावरी नदी: |
| | | पश्चिमी सीमा : अक्षांश 20° 0′ 07″ उत्तर, रेखांश 73° 48′ 12″ पूर्व पर गोदावरी नदी के आर-पार नाशिक में मुंबई-आगरा राजमार्ग । |
| | | पूर्वी सीमा : अक्षांश 16° 56′ 05″ उत्तर, रेखांश 81° 45′ 32″ पूर्व पर डोलिसवरम, राजामुंदरी में गोदावरी नदी के आर-पार सर आर्थर कॉटन बराज । |
| | | कृष्णा नदी: |
| | | पश्चिमी सीमा : अक्षांश 16° 25′ 28″ उत्तर, रेखांश 75° 26′ 19″ पूर्व पर गालागाली ग्राम के निकट पुल । |
| 5. | राष्ट्रीय जलमार्ग 5 | ब्रह्मणि-खरसुआ-तांतिघई-पंडुआ नाला-दुधेई नाला-कानि-धामरा नदी प्रणाली का तलचर-धामरा खंड, पूर्वी तट नहर का गोंखली-चरबतिया खंड, माताई नदी का चरबतिया-धामरा खंड और महानदी डेल्टा नदियां, निम्नलिखित सीमाओं सहित, अर्थात्:— |
| | | पूर्वी तट नहर और माताई नदी (जिसमें पुरानी हिंजली ज्वारीय नहर, उड़ीसा तट नहर और माताई नदी समाविष्ट हैं) । |
| | | उत्तरी सीमा : गोंखली पर हुगली नदी और हिजली ज्वारीय नहर का अक्षांश 22° 12′ 20″ उत्तर, रेखांश 88° 03′ 07″ पूर्व पर संगम स्थल । |
| | | दक्षिणी सीमा : धामरा मात्सयिकी पत्तन के निकट माताई नदी और धामरा नदी का अक्षांश 20° 47′ 42″ उत्तर, रेखांश 86° 53′ 03″ पूर्व पर संगम स्थल । |
| | | ब्रह्मणि-खरसुआ-धामरा नदी प्रणाली (जिसमें ब्रह्मणि-खरसुआ-तांताघई-पंडुआ नाला-दुधई नाला-कानि-धामरा नदियां हैं) । |
| | | उत्तरी-पश्चिमी सीमा : अक्षांश 21° 04′ 26″ उत्तर, रेखांश 86° 08′ 05″ पूर्व पर ब्रह्मणि नदी के आर-पार सामल बराज, तलचर । |
| | | दक्षिणी-पूर्वी सीमा : चांदनीपाल के निकट कालीभंज डियान आरक्षित वन के पूर्वी किनारे पर धामरा नदी के आर-पार अक्षांश 20° 46′ 26″ उत्तर, रेखांश 86° 57′ 15″ पूर्व पर खींची गई एक काल्पनिक रेखा । |
| | | महानदी डेल्टा नदियां (जिसमें हंसुआ नदी, आथराबांकी संकरी खाड़ी, नूना नाला, गोबरी नाला, खरनासी नदी और महानदी हैं) । |
| | | (अनुकल्पी मार्ग-हंसुआ नदी बंगाल की खाड़ी में आभासी बिंदु खाड़ी के उत्तरी किनारे से प्रवेश करती है तत्पश्चात् आभासी बिंदु खाड़ी के दक्षिणी सिरे पर खरनासी नदी में प्रवेश करती है, आथराबांकी नदी, महानदी की उत्तरी वितरक नदी समाविष्ट है) । |
| | | उत्तरी सीमा : अक्षांश 20° 36′ 55″ उत्तर, रेखांश 86° 45′ 05′ पूर्व पर रामचंद्रपुर पर ब्रह्मणि नदी के खरसुआ नदी का संगम । |
| | | दक्षिणी सीमा : पाराद्वीप पत्तन पर प्रवेश जलसरणी के आर-पार उत्तरी तरंग रोध जल संरचना की सतत में, काल्पनिक रेखा अक्षांश 20° 15′ 38″ उत्तर, रेखांश 86° 40′ 55″ पूर्व । |
| 6. | राष्ट्रीय जलमार्ग 6 | आई नदी : |
| | | अक्षांश 26° 33′ 32″ उत्तर, रेखांश 90° 46′ 01″ पूर्व से आदालगुड़ी संख्या 3 पर पुल से धारा के प्रतिकूल अक्षांश 26° 12′ 50″ उत्तर, रेखांश 90° 36′ 24″ पूर्व (जोगीघोपा में नारायणन सेतु पर 4.7 किमी० धारा के प्रतिकूल) पर ब्रह्मपुत्र नदी के साथ संगम तक । |

| (1) | (2) | (3) |
|---|---|---|
| 7. | राष्ट्रीय जलमार्ग 7 | अजोय (अजेय) नदी:<br>कतवा पर अक्षांश 23° 36′ 56″ उत्तर, रेखांश 87° 31′ 58″ पूर्व से इलमबाजार पर मोरग्राम-पानागढ़ राज्य राजमार्ग संख्या 14 पर पुल से अक्षांश 23° 39′ 23″ उत्तर, रेखांश 88° 07′ 57″ पूर्व पर अजोय नदी के भागीरथी नदी के संगम तक। |
| 8. | राष्ट्रीय जलमार्ग 8 | अलप्पुझा-चंगनासेरी नहर:<br>अक्षांश 9° 30′ 03″ उत्तर, रेखांश 76° 20′ 37″ पूर्व पर नौका जैटी अलप्पुझा से अक्षांश 9° 26′ 42″ उत्तर, रेखांश 76° 31′ 42″ पूर्व चंगनासेरी जैटी तक। |
| 9. | राष्ट्रीय जलमार्ग 9 | अलप्पुझा-कोट्टायम-अथीरमपुझा नहर:<br>अक्षांश 9° 30′ 03″ उत्तर, रेखांश 76° 20′ 37″ पूर्व पर नौका जैटी अलप्पुझा पर अक्षांश 9° 40′ 04″ उत्तर, रेखांश 76° 31′ 54″ पूर्व अथीरमपुझा बाजार तक। |
| 10. | राष्ट्रीय जलमार्ग 10 | अंबा नदी:<br>अक्षांश 18° 50′ 15″ उत्तर, रेखांश 72° 56′ 31″ पूर्व पर अरब सागर, धरमतार क्रीक नजदीक ग्राम रेवास से अक्षांश 18° 32′ 20″ उत्तर, रेखांश 73° 08′ 0″ पूर्व पर नागोथाने एसटी स्टैंड के निकट पुल तक। |
| 11. | राष्ट्रीय जलमार्ग 11 | अरुणावती अरेन नदी प्रणाली:<br>अक्षांश 20° 13′ 33″ उत्तर, रेखांश 77° 33′ 23″ पूर्व पर राज्य राजमार्ग संख्या 211 पर रतनापुर ग्राम के निकट अरुणावती और अरेन नदियों के संगम से अक्षांश 19° 59′ 31″ उत्तर, रेखांश 78° 09′ 38″ पूर्व पर अरेन और पेणगंगा नदियों के संगम से छिमाता ग्राम के निकट अक्षांश 19° 54′ 08″ उत्तर, रेखांश 78° 12′ 36″ पूर्व तक। |
| 12. | राष्ट्रीय जलमार्ग 12 | असी नदी:<br>अक्षांश 25° 17′ 19″ उत्तर, रेखांश 83° 0′ 25″ पूर्व से अस्सी घाट, वारणसी में गंगा नदी के संगम से अक्षांश 25° 16′ 37″ उत्तर, रेखांश 82° 58′ 18″ पूर्व पर निकट नवादा, वाराणसी तक। |
| 13. | राष्ट्रीय जलमार्ग 13 | एवीएम नहर:<br>अक्षांश 08° 18′ 30″ उत्तर, रेखांश 77° 04′ 45″ पूर्व से पूवर नदी तट पर अक्षांश 08° 14′ 54″ उत्तर, रेखांश 77° 09′ 34″ पूर्व पर अरियूमंथूराई बस स्टाप तक। |
| 14. | राष्ट्रीय जलमार्ग 14 | बैतरणी नदी:<br>अक्षांश 20° 51′ 45″ उत्तर, रेखांश 86° 33′ 30″ पूर्व पर दत्तापुर ग्राम से अक्षांश 20° 45′ 13″ उत्तर, रेखांश 86° 49′ 15″ पूर्व पर लक्ष्मी प्रसाद दिया के निकट धर्मा नदी के संगम तक। |
| 15. | राष्ट्रीय जलमार्ग 15 | बकरेश्वर मयूराक्षी नदी प्रणाली:<br>अक्षांश 23° 49′ 31″ उत्तर, रेखांश 87° 24′ 59″ पूर्व पर बकरेश्वर नदी पर नील निरंजन बांध से अक्षांश 23° 51′ 58″ उत्तर, रेखांश 88° 02′ 21″ पूर्व पर तेलग्राम ग्राम के निकट बकरेश्वर और मयूराक्षी नदियों के संगम तक।<br>अक्षांश 23° 58′ 22″ उत्तर, रेखांश 88° 09′ 21″ पूर्व पर तेलग्राम ग्राम मयूराक्षी नदी से दक्षिण हिजाल ग्राम के निकट द्वारा का नदी के संगम तक। |
| 16. | राष्ट्रीय जलमार्ग 16 | बराक नदी:<br>अक्षांश 24° 47′ 18″ उत्तर, रेखांश 93° 01′ 16″ पूर्व पर लखीपुर फेरी घाट से अक्षांश 24° 52′ 34″ उत्तर, रेखांश 92° 29′ 21″ पूर्व पर तुकेर ग्राम तक। |

| (1) | (2) | (3) |
|---|---|---|
| 17. | राष्ट्रीय जलमार्ग 17 | व्यास नदी:<br>अक्षांश 31° 57′ 22″ उत्तर, रेखांश 75° 53′ 37″ पूर्व पर तलवाडा बराज से अक्षांश 31° 09′ 09″ उत्तर, रेखांश 74° 58′ 08″ पूर्व पर हरकी के निकट व्यास और सतलुज नदियों के संगम तक। |
| 18. | राष्ट्रीय जलमार्ग 18 | बेकी नदी:<br>अक्षांश 26° 38′ 37″ उत्तर, रेखांश 90° 59′ 02″ पूर्व पर इलेनगमरी से अक्षांश 26° 14′ 24″ उत्तर, रेखांश 90° 47′ 21″ पूर्व पर ब्रह्मपुत्र संगम तक। |
| 19. | राष्ट्रीय जलमार्ग 19 | बेतवा नदी:<br>अक्षांश 25° 54′ 17″ उत्तर, रेखांश 79° 45′ 06″ पूर्व पर रिरवा बुजुर्ग दरिया से अक्षांश 25° 55′ 11″ उत्तर, रेखांश 80° 13′ 08″ पूर्व पर मीरपुर दरिया ग्राम के निकट बेतवा और यमुना नदियों के संगम तक। |
| 20. | राष्ट्रीय जलमार्ग 20 | भवानी नदी:<br>अक्षांश 11° 28′ 16″ उत्तर, रेखांश 77° 06′ 49″ पूर्व पर भवानी सागर बांध, सत्यामंगलम से अक्षांश 11° 25′ 54″ उत्तर, रेखांश 77° 41′ 02″ पूर्व पर सलेम-कोयम्बटूर राजमार्ग पर कावेरी नदी पुल पर भवानी और कावेरी नदियों के संगम तक। |
| 21. | राष्ट्रीय जलमार्ग 21 | भीमा नदी:<br>अक्षांश 17° 09′ 05″ उत्तर, रेखांश 76° 46′ 34″ पूर्व पर बराज (हिप्पार्गी ग्राम से लगभग 1 किलोमीटर) से अक्षांश 16° 24′ 28″ उत्तर, रेखांश 77° 17′ 13″ पूर्व पर गंदलूर में भीमा और कृष्णा नदियों के संगम तक। |
| 22. | राष्ट्रीय जलमार्ग 22 | विरूपा बड़ी गंगूती ब्रह्मणी नदी प्रणाली:<br>अक्षांश 20° 30′ 49″ उत्तर, रेखांश 85° 55′ 20″ पूर्व पर चौदवार पर विरूपा बराज से अक्षांश 20° 37′ 36″ उत्तर, रेखांश 86° 24′ 19″ पूर्व पर ऊपरकाई पाडा ग्राम के निकट विरूपा और ब्रह्मणी नदियों के संगम तक, जिसके अंतर्गत अक्षांश 20° 35′ 41″ उत्तर, रेखांश 86° 06′ 32″ पूर्व पर समसपुर ग्राम से अक्षांश 20° 38′ 28″ उत्तर, रेखांश 86° 17′ 32″ पूर्व पर खडकपुर ग्राम के निकट वैकल्पिक मार्ग भी है।<br>अक्षांश 20° 37′ 36″ उत्तर, रेखांश 86° 24′ 19″ पूर्व पर ऊपरकाई पाडा ग्राम के नजदीक विरूपा और ब्रह्मणी नदियों के संगम से अक्षांश 20° 39′ 26″ उत्तर, रेखांश 86° 44′ 53″ पूर्व पर कटना में ब्रह्मणी नदी तक। |
| 23. | राष्ट्रीय जलमार्ग 23 | बूढ़ा बलंगा नदी:<br>अक्षांश 21° 38′ 13″ उत्तर, रेखांश 86° 50′ 53″ पूर्व पर बराज (पतलीपुरा ग्राम से लगभग 300 मीटर) से अक्षांश 21° 28′ 12″ उत्तर, रेखांश 87° 04′ 12″ पूर्व पर चांदीपुर मत्स्य पत्तन पर बंगाल की खाड़ी के साथ बूढ़ा बलंगा नदी के संगम तक। |
| 24. | राष्ट्रीय जलमार्ग 24 | चंबल नदी:<br>अक्षांश 26° 41′ 56″ उत्तर, रेखांश 78° 56′ 09″ पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-92 पर चंबल सड़क पुल पर अक्षांश 26° 29′ 30″ उत्तर, रेखांश 79° 15′ 01″ पूर्व पर चरकपुर ग्राम में चंबल और यमुना नदियों के संगम तक। |
| 25. | राष्ट्रीय जलमार्ग 25 | छपोरा नदी:<br>अक्षांश 15° 42′ 47″ उत्तर, रेखांश 73° 57′ 23″ पूर्व पर राज्य राजमार्ग संख्या 124 (मनेरी ग्राम से 1 किलोमीटर) पर पुल से अक्षांश 15° 36′ 33″ उत्तर, रेखांश 73° 44′ 01″ पूर्व पर मोरजिम में अरब सागर के छपोरा नदी के संगम तक। |

| (1) | (2) | (3) |
|---|---|---|
| 26. | राष्ट्रीय जलमार्ग 26 | चेनाब नदी:<br>अक्षांश 33° 05′ 07″ उत्तर, रेखांश 74° 48′ 06″ पूर्व पर चेनाब सड़क पुल से अक्षांश 32° 48′ 12″ उत्तर, रेखांश 74° 34′ 53″ पूर्व पर भरदा कलां के निकट पुल तक। |
| 27. | राष्ट्रीय जलमार्ग 27 | कंबरजुआ नदी:<br>अक्षांश 15° 24′ 40″ उत्तर, रेखांश 73° 54′ 48″ पूर्व पर कोर्टेलिम फेरी टर्मिनल के निकट कंबरजुआ और जुवारी नदियों के संगम से अक्षांश 15° 31′ 26″ उत्तर, रेखांश 73° 55′ 34″ पूर्व पर साओ मार्टियास विधान परिषद् के निकट कंबरजुआ और मानदोबी नदियों के संगम तक। |
| 28. | राष्ट्रीय जलमार्ग 28 | दाभोल संकरी खाड़ी वशिष्ठी नदी:<br>अक्षांश 17° 34′ 51″ उत्तर, रेखांश 73° 09′ 18″ पूर्व अरब सागर, दाभोल से अक्षांश 17° 32′ 39″ उत्तर, रेखांश 73° 30′ 36″ पूर्व पेढे पर पुल तक। |
| 29. | राष्ट्रीय जलमार्ग 29 | दामोदर नदी:<br>अक्षांश 23° 12′ 40″ उत्तर, रेखांश 87° 50′ 54″ पूर्व पर राज्य राजमार्ग संख्या 8 पर क्रिष्क सेतु, बर्द्धमान से अक्षांश 22° 21′ 01″ उत्तर, रेखांश 88° 05′ 19″ पूर्व पर पूर्वा बासुदेवपुर के निकट हुगली नदी के संगम तक। |
| 30. | राष्ट्रीय जलमार्ग 30 | देहिंग नदी:<br>अक्षांश 27° 19′ 25″ उत्तर, रेखांश 95° 18′ 45″ पूर्व पर मार्बिल माजुली संख्या 1 पर रेल पुल से अक्षांश 27° 15′ 10″ उत्तर, रेखांश 94° 40′ 01″ पूर्व पर लक्षण ग्राम के निकट देहिंग और ब्रह्मपुत्र नदी के संगम तक। |
| 31. | राष्ट्रीय जलमार्ग 31 | धनश्री/चाथे नदी:<br>अक्षांश 26° 24′ 41″ उत्तर, रेखांश 93° 53′ 47″ पूर्व पर मोरोंगी टीई ग्राम के निकट पुल अक्षांश 26° 42′ 01″ उत्तर, रेखांश 93° 35′ 15″ पूर्व पर नुमालीगढ़ तक। |
| 32. | राष्ट्रीय जलमार्ग 32 | दीखु नदी:<br>अक्षांश 26° 55′ 18″ उत्तर, रेखांश 94° 44′ 27″ पूर्व पर राज्य राजमार्ग सं० 1 नजारिया में पुल से अक्षांश 26° 59′ 58″ उत्तर, रेखांश 94° 27′ 42″ पूर्व पर दीखु और ब्रह्मपुत्र नदियों के संगम तक। |
| 33. | राष्ट्रीय जलमार्ग 33 | दोयांश नदी:<br>अक्षांश 26° 10′ 47″ उत्तर, रेखांश 93° 59′ 10″ पूर्व पर सीयालमढ़ी के निकट पुल से अक्षांश 26° 26′ 53″ उत्तर, रेखांश 93° 57′ 12″ पूर्व पर दोयांश और सुबानसिरी नदियों संगम तक। |
| 34. | राष्ट्रीय जलमार्ग 34 | डीवीसी नहर:<br>अक्षांश 23° 28′ 47″ उत्तर, रेखांश 87° 18′ 19″ पूर्व पर दुर्गापुर बराज से अक्षांश 23° 0′ 31″ उत्तर, रेखांश 88° 24′ 55″ पूर्व पर त्रिवेणी के निकट डीवीसी नहर के हुगली नदी के संगम तक। |
| 35. | राष्ट्रीय जलमार्ग 35 | द्वारकेश्वर नदी:<br>अक्षांश 23° 06′ 55″ उत्तर, रेखांश 87° 18′ 47″ पूर्व पर अवंतिका के निकट पुल से अक्षांश 22° 40′ 17″ उत्तर, रेखांश 87° 46′ 43″ पूर्व पर प्रतापपुर मे द्वारकेश्वर और सिलाई नदियों के संगम तक। |

| (1) | (2) | (3) |
|---|---|---|
| 36. | राष्ट्रीय जलमार्ग 36 | द्वारका नदी:<br>अक्षांश 24° 06′ 58″ उत्तर, रेखांश 87° 47′ 51″ पूर्व पर तारापीठ में पुल से अक्षांश 23° 43′ 53″ उत्तर, रेखांश 88° 10′ 51″ पूर्व पर माओग्राम के निकट भागीरथी नदी के संगम तक। |
| 37. | राष्ट्रीय जलमार्ग 37 | गंडक नदी:<br>अक्षांश 27° 26′ 22″ उत्तर, रेखांश 83° 54′ 24″ पूर्व पर त्रिणेणी घाट के निकट भाईसासलोताल बराज से अक्षांश 25° 39′ 18″ उत्तर, रेखांश 85° 10′ 28″ पूर्व पर हाजीपुर में गंडक और गंगा नदियों के संगम तक। |
| 38. | राष्ट्रीय जलमार्ग 38 | गंगाधर नदी:<br>अक्षांश 26° 27′ 30″ उत्तर, रेखांश 89° 51′ 25″ पूर्व पर राष्ट्रीय राजमार्ग-31सी पर पकरीगुडी पुल से अक्षांश 26° 0′ 32″ उत्तर, रेखांश 89° 49′ 57″ पूर्व पर बीनाछारा बिन्दु 3 पर बांग्लादेश सीमा तक। |
| 39. | राष्ट्रीय जलमार्ग 39 | गनोल नदी:<br>अक्षांश 25° 31′ 47″ उत्तर, रेखांश 89° 51′ 24″ पूर्व पर बांग्लादेश सीमा से अक्षांश 25° 34′ 20″ उत्तर, रेखांश 90° 03′ 46″ पूर्व पर डोलबारी के निकट पुल तक। |
| 40. | राष्ट्रीय जलमार्ग 40 | घाघरा नदी:<br>अक्षांश 24° 47′ 51″ उत्तर, रेखांश 82° 06′ 46″ पूर्व पर फैजाबाद से अक्षांश 25° 44′ 13″ उत्तर, रेखांश 84° 42′ 03″ पूर्व पर मांझी घाट में घाघरा और गंगा नदियों के संगम तक। |
| 41. | राष्ट्रीय जलमार्ग 41 | घटप्रभा नदी:<br>अक्षांश 16° 20′ 01″ उत्तर, रेखांश 75° 11′ 23″ पूर्व पर मलाली के निकट बराज से अक्षांश 16° 20′ 13″ उत्तर, रेखांश 75° 47′ 54″ पूर्व पर चिकसनगाम में कृष्णा नदी के संगम तक। |
| 42. | राष्ट्रीय जलमार्ग 42 | गोमती नदी:<br>अक्षांश 26° 52′ 21″ उत्तर, रेखांश 80° 54′ 58″ पूर्व पर बड़ा इमामबाड़ा, लखनऊ से अक्षांश 25° 30′ 31″ उत्तर, रेखांश 83° 10′ 17″ पूर्व पर गोमती नदी और गंगा नदी के संगम तक। |
| 43. | राष्ट्रीय जलमार्ग 43 | गुरुपुर नदी:<br>अक्षांश 12° 50′ 44″ उत्तर, रेखांश 74° 49′ 45″ पूर्व पर नेतरावती संगम से अक्षांश 12° 55′ 35″ उत्तर, रेखांश 74° 49′ 37″ पूर्व पर मंगलोर पत्तन पुल संगम तक। |
| 44. | राष्ट्रीय जलमार्ग 44 | इच्छामती नदी:<br>अक्षांश 22° 53′ 50″ उत्तर, रेखांश 88° 53′ 49″ पूर्व पर बांग्लादेश सीमा के निकट सीमा मुख्य मार्ग पर पुल से अक्षांश 22° 39′ 07″ उत्तर, रेखांश 88° 55′ 35″ पूर्व पर बांसझाड़ी मल्लिकपुर मे बांग्लादेश सीमा के निकट तक। |
| 45. | राष्ट्रीय जलमार्ग 45 | इंदिरा गांधी नहर:<br>अक्षांश 31° 08′ 33″ उत्तर, रेखांश 74° 56′ 57″ पूर्व पर हरकी बराज से अक्षांश 27° 18′ 37″ उत्तर, रेखांश 71° 09′ 10″ पूर्व पर मोहनगढ़ के निकट तक। |
| 46. | राष्ट्रीय जलमार्ग 46 | इंडस नदी:<br>अक्षांश 33° 49′ 43″ उत्तर, रेखांश 77° 48′ 56″ पूर्व पर उपसी ग्राम में राजमार्ग पर पुल से अक्षांश 34° 03′ 35″ उत्तर, रेखांश 77° 38′ 33″ पूर्व पर शे ग्राम के निकट शे-चुचोल पर पुल तक। |

| (1) | (2) | (3) |
|---|---|---|
| 47. | राष्ट्रीय जलमार्ग 47 | जलांगी नदी: |
| | | अक्षांश 23° 47′ 47″ उत्तर, रेखांश 88° 27′ 09″ पूर्व पर पलासीपाड़ा के निकट राज्य राजमार्ग संख्या 14 पर पुल से अक्षांश 23° 24′ 39″ उत्तर, रेखांश 88° 22′ 48″ पूर्व पर नवाद्वीप में जलांगी के हुगली/भागीरथी नदियों के संगम तक। |
| 48. | राष्ट्रीय जलमार्ग 48 | जवाई-लुनी नदियां और कच्छ-रण: |
| | | अक्षांश 25° 20′ 37″ उत्तर, रेखांश 72° 41′ 09″ पूर्व पर जालौर से जवाई नदी से अक्षांश 23° 32′ 54″ उत्तर, रेखांश 68° 22′ 27″ पूर्व पर गांधव कच्छ रण से गांधव ग्राम के निकट लुनी नदी तक। |
| 49. | राष्ट्रीय जलमार्ग 49 | झेलम नदी: |
| | | अक्षांश 33° 49′ 26″ उत्तर, रेखांश 75° 03′ 50″ पूर्व पर राजमार्ग पर पुल से अक्षांश 34° 21′ 37″ उत्तर, रेखांश 74° 36′ 36″ पूर्व पर वुलर झील, श्रीनगर तक। |
| 50. | राष्ट्रीय जलमार्ग 50 | जिंजीराम नदी: |
| | | अक्षांश 25° 51′ 51″ उत्तर, रेखांश 89° 58′ 57″ पूर्व पर ब्रह्मपुत्र नदी के संगम से अक्षांश 25° 44′ 15″ उत्तर, रेखांश 89° 52′ 53″ पूर्व पर ब्रह्मपुत्र नदी पर फुलेरचर बिंदु 3 तक। |
| 51. | राष्ट्रीय जलमार्ग 51 | कबीनी नदी: |
| | | अक्षांश 11° 58′ 25″ उत्तर, रेखांश 76° 21′ 10″ पूर्व पर कबीनी बांध से अक्षांश 11° 56′ 10″ उत्तर, रेखांश 76° 14′ 18″ पूर्व पर बीरामबल्ली तक। |
| 52. | राष्ट्रीय जलमार्ग 52 | काली नदी: |
| | | अक्षांश 14° 55′ 08″ उत्तर, रेखांश 74° 32′ 07″ पूर्व पर कोडासल्ली बांध से अक्षांश 14° 50′ 31″ उत्तर, रेखांश 74° 07′ 21″ पूर्व पर सदाशिवगाड पुल के निकट काली नदी के अरब सागर के संगम तक। |
| 53. | राष्ट्रीय जलमार्ग 53 | कल्याण-ठाणे-मुंबई जलमार्ग, वसई संकरी खाड़ी और उल्हास नदी: |
| | | अक्षांश 18° 55′ 50″ उत्तर, रेखांश 72° 53′ 22″ पूर्व पर उल्हास नदी की ओर से नवी मुम्बई पर अरब सागर से अक्षांश 19° 02′ 38″ उत्तर, रेखांश 73° 19′ 54″ पूर्व पर मालेगांव टी० वरेडी के निकट राज्य राजमार्ग सं० 76 पर उल्हास नदी पर पुल तक; |
| | | अक्षांश 19° 14′ 06″ उत्तर, रेखांश 73° 08′ 49″ पूर्व पर कल्याण में कल्याण रेलवे यार्ड के नजदीक कल्याण-बदलापुर मार्ग पर पुल से अक्षांश 19° 15′ 53″ उत्तर, रेखांश 73° 09′ 28″ पूर्व पर कल्याण तक: |
| | | अक्षांश 19° 18′ 54″ उत्तर, रेखांश 72° 47′ 30″ पूर्व बसई संकरी खाड़ी से अक्षांश 19° 13′ 23″ उत्तर, रेखांश 73° 0′ 21″ पूर्व पर कशेली तक। |
| 54. | राष्ट्रीय जलमार्ग 54 | करमनासा नदी: |
| | | अक्षांश 25° 18′ 11″ उत्तर, रेखांश 83° 31′ 38″ पूर्व पर ककरेत में पुल से अक्षांश 25° 31′ 06″ उत्तर, रेखांश 83° 52′ 47″ पूर्व पर कुतुबपुर में करमनासा और गंगा नदियों के संगम तक। |
| 55. | राष्ट्रीय जलमार्ग 55 | कावेरी कोल्लीदाम नदी: |
| | | अक्षांश 11° 29′ 03″ उत्तर, रेखांश 77° 42′ 14″ पूर्व पर उरातचिकोत्ताई बराज से अक्षांश 11° 21′ 38″ उत्तर, रेखांश 79° 49′ 53″ पूर्व पर पजहायार पर कोल्लीदाम नदी के बंगाल की खाड़ी के संगम तक। |

| (1) | (2) | (3) |
|---|---|---|
| 56. | राष्ट्रीय जलमार्ग 56 | खेरकाई नदी:<br>अक्षांश 22° 45′ 12″ उत्तर, रेखांश 86° 05′ 09″ पूर्व पर गंगिया ग्राम के नजदीक बांध से अक्षांश 22° 50′ 13″ उत्तर, रेखांश 86° 09′ 37″ पूर्व पर जमशेदपुर में सुबर्णरेखा नदी के संगम तक। |
| 57. | राष्ट्रीय जलमार्ग 57 | कोपीली नदी:<br>अक्षांश 26° 10′ 41″ उत्तर, रेखांश 92° 13′ 05″ पूर्व पर बनथाई गांव तिनाली बस स्टाप से अक्षांश 26° 15′ 07″ उत्तर, रेखांश 91° 56′ 49″ पूर्व पर चन्द्रपुर सं० 2 पर ब्रह्मपुत्र नदी के संगम तक। |
| 58. | राष्ट्रीय जलमार्ग 58 | कोसी नदी:<br>अक्षांश 26° 31′ 40″ उत्तर, रेखांश 86° 55′ 29″ पूर्व पर हनुमान नगर पर कोसी बराज से अक्षांश 25° 24′ 40″ उत्तर, रेखांश 87° 15′ 14″ पूर्व पर कुरसेला पर कोसी के गंगा नदी के संगम तक। |
| 59. | राष्ट्रीय जलमार्ग 59 | कोट्टायम-वायकम नहर:<br>अक्षांश 09° 34′ 39″ उत्तर, रेखांश 76° 31′ 08″ पूर्व पर काडिमठ के निकट, कोट्टायम से अक्षांश 09° 40′ 0″ उत्तर, रेखांश 76° 24′ 11″ पूर्व पर राष्ट्रीय राजमार्ग सं० 3 को जोड़ने वाले वेच्चूर तक। |
| 60. | राष्ट्रीय जलमार्ग 60 | कुमारी नदी:<br>अक्षांश 23° 06′ 37″ उत्तर, रेखांश 86° 15′ 51″ पूर्व पर अमरूहासा ग्राम के निकट बांध से अक्षांश 22° 57′ 18″ उत्तर, रेखांश 86° 44′ 43″ पूर्व पर चियादा में मुकुटमणिपुर बांध तक। |
| 61. | राष्ट्रीय जलमार्ग 61 | कियांसी नदी:<br>अक्षांश 25° 12′ 07″ उत्तर, रेखांश 91° 15′ 21″ पूर्व पर मावपील्लम के निकट बांग्लादेश सीमा से अक्षांश 25° 19′ 35″ उत्तर, रेखांश 91° 04′ 07″ पूर्व पर नोघिल्लम-मवैट सड़क पर पुल तक। |
| 62. | राष्ट्रीय जलमार्ग 62 | लोहित नदी:<br>अक्षांश 27° 52′ 40″ उत्तर, रेखांश 96° 21′ 40″ पूर्व पर परशुराम कुंड से अक्षांश 27° 47′ 49″ उत्तर, रेखांश 95° 38′ 14″ पूर्व पर शेखोवाघाट, सदिया तक। |
| 63. | राष्ट्रीय जलमार्ग 63 | लूनी नदी:<br>अक्षांश 26° 13′ 35″ उत्तर, रेखांश 73° 41′ 20″ पूर्व पर जसवन्तपुरा स्थित बांध से अक्षांश 24° 57′ 07″ पूर्व उत्तर, रेखांश 71° 38′ 02″ पूर्व मलिपुरा के निकट बराज तक। |
| 64. | राष्ट्रीय जलमार्ग 64 | महानदी नदी:<br>अक्षांश 21° 27′ 34″ उत्तर, रेखांश 83° 57′ 50″ पूर्व पर संबल बराज से अक्षांश 20° 19′ 38″ उत्तर, रेखांश 86° 40′ 17″ पूर्व पारादीप तक। |
| 65. | राष्ट्रीय जलमार्ग 65 | महानंदा नदी:<br>अक्षांश 25° 26′ 41″ उत्तर, रेखांश 88° 05′ 26″ पूर्व पर गोसाईपुर के निकट पुल से अक्षांश 24° 57′ 17″ उत्तर, रेखांश 88° 10′ 59″ पूर्व पर आदमपुर के निकट बांग्लादेश सीमा तक। |
| 66. | राष्ट्रीय जलमार्ग 66 खाड़ी | माही नदी:<br>अक्षांश 23° 18′ 22″ उत्तर, रेखांश 73° 49′ 37″ पूर्व पर कदाना बांध से अक्षांश 22° 10′ 35″ उत्तर, रेखांश 72° 30′ 36″ पूर्व कवि रेल स्टेशन के निकट खंभात की तक। |

| (1) | (2) | (3) |
|---|---|---|
| 67. | राष्ट्रीय जलमार्ग 67 | मलप्रभा नदी:<br>अक्षांश 15° 49′ 51″ उत्तर, रेखांश 75° 38′ 54″ पूर्व पर जकानुरू से अक्षांश 16° 12′ 30″ उत्तर, रेखांश 76° 04′ 16″ पूर्व तक कुदालासंगम पर कृष्णा नदी के निकट संगम तक। |
| 68. | राष्ट्रीय जलमार्ग 68 | मन्दोवीर नदी:<br>अक्षांश 15° 26′ 42″ उत्तर, रेखांश 74° 03′ 12″ पूर्व पर उसगांव पर पुल से अक्षांश 15° 28′ 32″ उत्तर, रेखांश 73° 46′ 46″ पूर्व तक रेईश मेगोस पर अरब सागर के साथ मन्दोवीर नदी के संगम तक। |
| 69. | राष्ट्रीय जलमार्ग 69 | मणिमथारू नदी:<br>अक्षांश 08° 39′ 14″ उत्तर, रेखांश 77° 24′ 27″ पूर्व पर मणिमथारू बांध से अक्षांश 08° 41′ 03″ उत्तर, रेखांश 77° 26′ 07″ पूर्व पर अलादियर के निकट ताम्रर प्राणी नदी के संगम तक। |
| 70. | राष्ट्रीय जलमार्ग 70 | मंजारा नदी:<br>अक्षांश 17° 44′ 58″ उत्तर, रेखांश 77° 55′ 41″ पूर्व पर सिंगूर बांध से अक्षांश 18° 49′ 07″ उत्तर, रेखांश 77° 52′ 20″ पूर्व पर कन्दाकुर्थी पर गोदावरी नदी के संगम तक। |
| 71. | राष्ट्रीय जलमार्ग 71 | मपुसा/मोइदे नदी:<br>अक्षांश 15° 35′ 21″ उत्तर, रेखांश 73° 49′ 17″ पूर्व पर मपुसा राष्ट्रीय राजमार्ग 17 पर पुल से पोरवोरिण अक्षांश 15° 30′ 20″ उत्तर, रेखांश 73° 50′ 42″ पूर्व पर मपुसा और मन्दोवी नदियों के संगम बिन्दु तक। |
| 72. | राष्ट्रीय जलमार्ग 72 | नाग नदी:<br>अक्षांश 21° 06′ 17″ उत्तर, रेखांश 79° 06′ 03″ पूर्व एन आई टी कालोनी, नागपुर के निकट पुल से अक्षांश 21° 05′ 38″ उत्तर, रेखांश 79° 27′ 54″ पूर्व पर स्वांगी ग्राम के निकट कान्हा नदी के संगम तक। |
| 73. | राष्ट्रीय जलमार्ग 73 | नर्मदा नदी :<br>अक्षांश 21° 57′ 10″ उत्तर, रेखांश 74° 08′ 27″ पूर्व पर पंधाड़िया से अक्षांश 21° 38′ 27″ उत्तर, रेखांश 72° 33′ 28″ पूर्व खम्भात की खाड़ी में अरब सागर के साथ नर्मदा के संगम तक। |
| 74. | राष्ट्रीय जलमार्ग 74 | नेत्रावती नदी:<br>अक्षांश 12° 57′ 55″ उत्तर, रेखांश 75° 22′ 10″ पूर्व पर नेत्रावती बांध, धर्मशाला से अक्षांश 12° 50′ 43″ उत्तर, रेखांश 74° 49′ 29″ पूर्व बेंगरी पर अरब सागर के संगम तक। |
| 75. | राष्ट्रीय जलमार्ग 75 | पालार नदी:<br>अक्षांश 12° 56′ 14″ उत्तर, रेखांश 79° 07′ 30″ पूर्व पर विरदमपट्टू, वेल्लोर में रेल पुल से अक्षांश 12° 27′ 52″ उत्तर, रेखांश 80° 09′ 13″ पूर्व सादुरंगापट्टिनम पर बंगाल की खाड़ी के संगम तक। |
| 76. | राष्ट्रीय जलमार्ग 76 | पंचगनगवली (पंचगंगोली) नदी:<br>अक्षांश 13° 38′ 01″ उत्तर, रेखांश 74° 40′ 08″ पूर्व पर गंगोली पत्तन से अक्षांश 13° 44′ 50″ उत्तर, रेखांश 74° 39′ 15″ पूर्व पर बड़केरे में पुल तक। |

| (1) | (2) | (3) |
|---|---|---|
| 77. | राष्ट्रीय जलमार्ग 77 | पजयार नदी:<br>अक्षांश 08° 13′ 49″ उत्तर, रेखांश 77° 26′ 27″ पूर्व पर वीरानारायण मंगलम ग्राम के निकट पुल से अक्षांश 08° 05′ 15″ उत्तर, रेखांश 77° 29′ 08″ पूर्व पर मानाकुदी में अरब सागर के संगम तक। |
| 78. | राष्ट्रीय जलमार्ग 78 | पेनगंगा वर्धा नदी प्रणाली:<br>अक्षांश 19° 54′ 08″ उत्तर, रेखांश 78° 12′ 36″ पूर्व पर चिमाता ग्राम के निकट आरन और पेनगंगा नदियों का संगम से अक्षांश 19° 33′ 59″ उत्तर, रेखांश 79° 49′ 0″ पूर्व पर रेवल्ली ग्राम के निकट वर्धा तथा प्रणहिता नदी के संगम तक। |
| 79. | राष्ट्रीय जलमार्ग 79 | पेन्नार नदी:<br>अक्षांश 14° 28′ 08″ उत्तर, रेखांश 79° 59′ 09″ पूर्व पर पेन्ना बराज, पोथिरेड्डी पलेम से अक्षांश 14° 35′ 37″ उत्तर, रेखांश 80° 11′ 31″ पूर्व पर कुदीथिपलेम के निकट बंगाल की खाड़ी के साथ संगम तक। |
| 80. | राष्ट्रीय जलमार्ग 80 | पोन्नियार नदी:<br>अक्षांश 12° 11′ 0″ उत्तर, रेखांश 78° 51′ 01″ पूर्व पर सथानूर बांध से अक्षांश 11° 46′ 22″ उत्तर, रेखांश 79° 47′ 42″ पूर्व पर बंगाल की खाड़ी के संगम पर कुडालोर तक। |
| 81. | राष्ट्रीय जलमार्ग 81 | पुनपुन नदी:<br>अक्षांश 25° 29′ 50″ उत्तर, रेखांश 85° 06′ 19″ पूर्व पर पारकी ग्राम के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग-83 पुल से अक्षांश 25° 30′ 50″ उत्तर, रेखांश 85° 18′ 17″ पूर्व पर फतुहा पर गंगा नदी के संगम तक। |
| 82. | राष्ट्रीय जलमार्ग 82 | पुथिमरी नदी:<br>अक्षांश 26° 22′ 01″ उत्तर, रेखांश 91° 39′ 11″ पूर्व पर ग्राम घोपला के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर पुल से अक्षांश 26° 15′ 28″ उत्तर, रेखांश 91° 20′ 35″ पूर्व पर बामुनबोरी के निकट ब्रह्मपुत्र नदी के साथ संगम तक। |
| 83. | राष्ट्रीय जलमार्ग 83 | राजपुरी संकरी खाड़ी:<br>अक्षांश 18° 18′ 03″ उत्तर, रेखांश 72° 56′ 43″ पूर्व पर राजपुरी पर अरब सागर से अक्षांश 18° 08′ 15″ उत्तर, रेखांश 73° 06′ 45″ पूर्व पर महसला तक। |
| 84. | राष्ट्रीय जलमार्ग 84 | रावी नदी:<br>अक्षांश 32° 35′ 51″ उत्तर, रेखांश 75° 59′ 05″ पूर्व पर गांधीयार बांध से अक्षांश 32° 26′ 36″ उत्तर, रेखांश 75° 43′ 45″ पूर्व पर बसौली में रणजीत सागर बांध तक। |
| 85. | राष्ट्रीय जलमार्ग 85 | रेवाडांडा संकरी खाड़ी—कुंडालिका नदी प्रणाली:<br>अक्षांश 18° 32′ 20″ उत्तर, रेखांश 72° 55′ 33″ पूर्व पर रेवाडांडा अरब सागर से अक्षांश 18° 26′ 32″ उत्तर, रेखांश 73° 07′ 11″ पूर्व पर रोहा नगर के निकट रोहा-अष्टमी रोड पर पुल तक। |
| 86. | राष्ट्रीय जलमार्ग 86 | रूप नारायण नदी:<br>अक्षांश 22° 40′ 17″ उत्तर, रेखांश 87° 46′ 43″ पूर्व पर प्रतापपुर पर द्वारकेश्वर और सिलाई नदियों का संगम से अक्षांश 22° 12′ 42″ उत्तर, रेखांश 88° 03′ 14″ पूर्व पर गिओंखाली पर हुगली नदी के संगम तक। |
| 87. | राष्ट्रीय जलमार्ग 87 | साबरमती नदी:<br>अक्षांश 23° 26′ 50″ उत्तर, रेखांश 72° 48′ 35″ पूर्व पर साडोलिया के निकट बराज से अक्षांश 22° 09′ 18″ उत्तर, रेखांश 72° 27′ 28″ पूर्व खम्भात के निकट खम्बात की खाड़ी के संगम तक। |

| (1) | (2) | (3) |
|---|---|---|
| 88. | राष्ट्रीय जलमार्ग 88 | साल नदी:<br>अक्षांश 15° 13′ 11″ उत्तर, रेखांश 73° 57′ 30″ पूर्व पर ओरलिम डेंउसा पुल से अक्षांश 15° 08′ 32″ उत्तर, रेखांश 73° 57′ 0″ पूर्व पर मोबार पर अरब सागर के संगम तक। |
| 89. | राष्ट्रीय जलमार्ग 89 | सावित्री नदी (बेंकोट संकरी खाड़ी):<br>अक्षांश 18° 05′ 54″ उत्तर, रेखांश 73° 20′ 09″ पूर्व पर सापे के निकट पुल से अक्षांश 17° 58′ 47″ उत्तर, रेखांश 73° 01′ 45″ पूर्व पर बेंकोट अरब सागर तक। |
| 90. | राष्ट्रीय जलमार्ग 90 | सरावती नदी:<br>अक्षांश 14° 17′ 56″ उत्तर, रेखांश 74° 25′ 27″ पूर्व पर हौन्नावर पत्तन समुद्र मोहाना से अक्षांश 14° 14′ 15″ उत्तर, रेखांश 74° 39′ 06″ पूर्व पर गैरसोपा में राजमार्ग के संपर्क तक। |
| 91. | राष्ट्रीय जलमार्ग 91 | शास्त्री नदी, जयगढ़ संकरी खाड़ी:<br>अक्षांश 17° 11′ 16″ उत्तर, रेखांश 73° 33′ 03″ पूर्व पर संगमेश्वर से अक्षांश 17° 19′ 12″ उत्तर, रेखांश 73° 12′ 39″ पूर्व पर जयगढ़ में अरब सागर के संगम तक। |
| 92. | राष्ट्रीय जलमार्ग 92 | सिलाबती नदी:<br>अक्षांश 22° 34′ 53″ उत्तर, रेखांश 87° 38′ 31″ पूर्व पर शिमुलिया ग्राम के निकट बराज से अक्षांश 22° 40′ 17″ उत्तर, रेखांश 87° 46′ 43″ पूर्व पर प्रतापपुर में द्वारकेश्वर और सिलाई नदियों के संगम तक। |
| 93. | राष्ट्रीय जलमार्ग 93 | सिमसांग नदी:<br>अक्षांश 25° 11′ 05″ उत्तर, रेखांश 90° 39′ 25″ पूर्व पर बांग्लादेश सीमा से अक्षांश 25° 27′ 20″ उत्तर, रेखांश 90° 42′ 22″ पूर्व पर नोगलबिब्रा के निकट राजमार्ग-62 पर पुल तक। |
| 94. | राष्ट्रीय जलमार्ग 94 | सोन नदी:<br>अक्षांश 24° 50′ 14″ उत्तर, रेखांश 84° 08′ 03″ पूर्व पर डेहरी के निकट सोन बराज से अक्षांश 25° 42′ 15″ उत्तर, रेखांश 84° 52′ 02″ पूर्व पर सोन और गंगा नदियों के संगम तक। |
| 95. | राष्ट्रीय जलमार्ग 95 | सुबनसिरी नदी:<br>अक्षांश 27° 27′ 03″ उत्तर, रेखांश 94° 15′ 16″ पूर्व पर गेरुकामुख से अक्षांश 26° 52′ 25″ उत्तर, रेखांश 93° 54′ 31″ पूर्व पर ब्रह्मपुत्र संगम तक। |
| 96. | राष्ट्रीय जलमार्ग 96 | सुबर्णरेखा नदी:<br>अक्षांश 22° 58′ 29″ उत्तर, रेखांश 86° 01′ 14″ पूर्व पर चांदिल बांध से अक्षांश 21° 33′ 29″ उत्तर, रेखांश 87° 22′ 59″ पूर्व पर बंगाल की खाड़ी के संगम तक। |
| 97. | राष्ट्रीय जलमार्ग 97 | सुन्दरबन जलमार्ग:<br>(i) अक्षांश 21° 45′ 46″ उत्तर, रेखांश 88° 13′ 06″ पूर्व पर नमखाना से अक्षांश 21° 56′ 57″ उत्तर, रेखांश 89° 05′ 32″ पूर्व पर अथारा बांकी खाल तक।<br>(ii) बिद्या नदी: अक्षांश 21° 54′ 43″ उत्तर, रेखांश 88° 41′ 08″ पूर्व पर लाट सं० 124 से अक्षांश 22° 11′ 48″ उत्तर, रेखांश 88° 51′ 55″ पूर्व पर उत्तर डांगा के निकट तक।<br>(iii) छोटा कालागाची (छोटो कालेर्गाची) नदी: अक्षांश 22° 19′ 57″ उत्तर, रेखांश 88° 54′ 21″ पूर्व पर राजनी पार नौका घाट के निकट से अक्षांश 22° 26′ 05″ उत्तर, रेखांश 88° 50′ 12″ पूर्व पर नजात के निकट तक। |

| (1) | (2) | (3) |
|---|---|---|
| | | (iv) गोमर नदी: अक्षांश 22° 11′ 53″ उत्तर, रेखांश 88° 44′ 42″ पूर्व पर रामकृष्णपुर के निकट से अक्षांश 22° 10′ 05″ उत्तर, रेखांश 88° 47′ 37″ पूर्व पर गोसाबा खेया घाट के निकट तक। |
| | | (v) हरिभांगा नदी: अक्षांश 21° 53′ 19″ उत्तर, रेखांश 89° 01′ 24″ पूर्व पर बांग्लादेश सीमा से अक्षांश 21° 58′ 18″ उत्तर, रेखांश 88° 55′ 08″ पूर्व पर झिला नदी के संगम तक। |
| | | (vi) होगला (होगल)—पठानखाली नदी: अक्षांश 22° 12′ 22″ उत्तर, रेखांश 88° 40′ 43″ पूर्व पर परंदर के निकट से अक्षांश 22° 21′ 12″ उत्तर, रेखांश 88° 52′ 48″ पूर्व पर संदेशखाई नौका घाट के निकट तक। |
| | | (vii) कालिंदी (कालंदी) नदी: अक्षांश 22° 28′ 08″ उत्तर, रेखांश 88° 59′ 46″ पूर्व पर हिंगालगंज पर बांग्लादेश सीमा से अक्षांश 22° 24′ 41″ उत्तर, रेखांश 88° 58′ 21″ पूर्व पर खोसबास के निकट बांग्लादेश सीमा तक। |
| | | (viii) कटाखाली नदी: अक्षांश 22° 30′ 31″ उत्तर, रेखांश 88° 58′ 25″ पूर्व पर बरुणहाट के निकट बांग्लादेश सीमा से अक्षांश 22° 21′ 45″ उत्तर, रेखांश 88° 57′ 30″ पूर्व पर लेबूखली नौका घाट तक। |
| | | (ix) माल्टा नदी: अक्षांश 21° 33′ 04″ उत्तर, रेखांश 88° 38′ 26″ पूर्व पर बंगाल की खाड़ी से अक्षांश 22° 18′ 39″ उत्तर, रेखांश 88° 40′ 43″ पूर्व पर केनिंग नौका घाट तक। |
| | | (x) मुरी गंगा (बारातला) नदी: अक्षांश 21° 37′ 52″ उत्तर, रेखांश 88° 10′ 0″ पूर्व पर बिसालक्ष्मी पुर के निकट बंगाल की खाड़ी से अक्षांश 21° 52′ 17″ उत्तर, रेखांश 88° 09′ 08″ पूर्व पर काकद्वीव के निकट तक। |
| | | (xi) रायमंगल नदी: अक्षांश 22° 11′ 41″ उत्तर, रेखांश 88° 58′ 01″ पूर्व पर हेमनगर से अक्षांश 22° 33′ 57″ उत्तर, रेखांश 88° 56′ 17″ पूर्व पर राजनगर तक। |
| | | (xii) साहिबखाली (साहेबखाली) नदी: अक्षांश 22° 17′ 52″ उत्तर, रेखांश 88° 56′ 35″ पूर्व पर रामपुर के निकट से अक्षांश 22° 24′ 41″ उत्तर, रेखांश 88° 58′ 21″ पूर्व पर बांग्लादेश सीमा के निकट खोसबास तक। |
| | | (xiii) सप्तमुखी नदी: अक्षांश 21° 34′ 57″ उत्तर, रेखांश 88° 19′ 08″ पूर्व पर बंगाल की खाड़ी में हेनरी द्वीप से अक्षांश 21° 51′ 14″ उत्तर, रेखांश 88° 18′ 41″ पूर्व पर चिंतामणिपुर के निकट तक। |
| | | (xiv) ठकुरान नदी: अक्षांश 21° 33′ 32″ उत्तर, रेखांश 88° 27′ 45″ पूर्व पर बंगाल की खाड़ी से अक्षांश 22° 02′ 52″ उत्तर, रेखांश 88° 33′ 28″ पूर्व पर माधबपुर तक। |
| 98. | राष्ट्रीय जलमार्ग 98 | सतलुज नदी: |
| | | अक्षांश 31° 14′ 45″ उत्तर, रेखांश 77° 07′ 34″ पूर्व पर सुन्नी सड़क पुल से अक्षांश 31° 08′ 33″ उत्तर, रेखांश 74° 56′ 57″ पूर्व पर हरिके बांध तक। |
| 99. | राष्ट्रीय जलमार्ग 99 | तामारापराना नदी: |
| | | अक्षांश 08° 43′ 43″ उत्तर, रेखांश 77° 42′ 54″ पूर्व पर सुलोचना मुदालियर पुल, तिरुनेलवेली से, अक्षांश 08° 38′ 25″ उत्तर, रेखांश 78° 07′ 38″ पूर्व पर पुन्नईकायल के निकट बंगाल की खाड़ी के संगम तक। |
| 100. | राष्ट्रीय जलमार्ग 100 | तापी नदी: |
| | | अक्षांश 21° 04′ 22″ उत्तर, रेखांश 75° 56′ 45″ पूर्व पर मंगलवाड़ी के निकट हटनूर बांध से अक्षांश 21° 02′ 16″ उत्तर, रेखांश 72° 39′ 30″ पूर्व पर खंबात की खाड़ी (अरब सागर) तक। |

| (1) | (2) | (3) |
|---|---|---|
| 101. | राष्ट्रीय जलमार्ग 101 | तिजु और झुंगकी नदियां:<br>अक्षांश 25° 46′ 12″ उत्तर, रेखांश 94° 44′ 35″ पूर्व पर लोंगमातरा से अक्षांश 25° 35′ 03″ उत्तर, रेखांश 94° 53′ 06″ पूर्व पर म्यांमार सीमा पर अवानघखु तक और अक्षांश 25° 48′ 26″ उत्तर, रेखांश 94° 46′ 36″ पूर्व पर पुल से झुंगकी नदी में अक्षांश 25° 46′ 58″ उत्तर, देशान्तर रेखांश 94° 45′ 21″ पूर्व पर से झुंगकी और तिजु नदियों के संगम तक। |
| 102. | राष्ट्रीय जलमार्ग 102 | तलवांग (धालेश्वरी नदी):<br>अक्षांश 23° 55′ 22″ उत्तर, रेखांश 92° 39′ 08″ पूर्व पर राष्ट्रीय राजमार्ग-54 के निकट खमरांग से अक्षांश 24° 17′ 19″ उत्तर, रेखांश 92° 31′ 0″ पूर्व पर राष्ट्रीय राजमार्ग-154 पर पुल तक। |
| 103. | राष्ट्रीय जलमार्ग 103 | टोंस नदी:<br>अक्षांश 25° 02′ 05″ उत्तर, रेखांश 81° 43′ 45″ पूर्व पर चाकघाट के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर पुल से अक्षांश 25° 16′ 32″ उत्तर, रेखांश 82° 05′ 0″ पूर्व पर सिरसा में गंगा संगम तक। |
| 104. | राष्ट्रीय जलमार्ग 104 | तुगंभद्रा नदी:<br>अक्षांश 15° 24′ 33″ उत्तर, रेखांश 76° 35′ 13″ पूर्व पर चिक्का जनताकाल ग्राम के निकट राज्य राजमार्ग संख्या 29 पर पुल से अक्षांश 15° 57′ 20″ उत्तर, रेखांश 78° 14′ 30″ पूर्व पर मुरवा कोंडा ग्राम के निकट कृष्णा नदी के संगम तक। |
| 105. | राष्ट्रीय जलमार्ग 105 | उदयवारा नदी:<br>अक्षांश 13° 20′ 57″ उत्तर, रेखांश 74° 41′ 28″ पूर्व पर मालपे में अरब सागर मुहाना से अक्षांश 13° 17′ 33″ उत्तर, रेखांश 74° 46′ 26″ पूर्व पर मनिपुरा के निकट पुल तक। |
| 106. | राष्ट्रीय जलमार्ग 106 | उमनगोत (डाकी) नदी:<br>अक्षांश 25° 11′ 07″ उत्तर, रेखांश 92° 0′ 54″ पूर्व पर लारबामोंन के निकट बांग्लादेश सीमा से अक्षांश 25° 19′ 05″ उत्तर, रेखांश 92° 02′ 20″ पूर्व पर नौगरिंगकोह तक। |
| 107. | राष्ट्रीय जलमार्ग 107 | वैगई नदी:<br>अक्षांश 10° 05′ 19″ उत्तर, रेखांश 77° 51′ 10″ पूर्व पर अनाई पट्टी के निकट बराज से अक्षांश 9° 53′ 52″ उत्तर, रेखांश 78° 10′ 34′ पूर्व पर विरागनूर बांध तक। |
| 108. | राष्ट्रीय जलमार्ग 108 | वरुणा नदी:<br>अक्षांश 25° 23′ 15″ उत्तर, रेखांश 82° 44′ 07″ पूर्व पर कुरु के निकट सड़क पुल से अक्षांश 25° 19′ 45″ उत्तर, रेखांश 83° 02′ 41″ पूर्व पर गंगा संगम सराय मोहना, वाराणसी तक। |
| 109. | राष्ट्रीय जलमार्ग 109 | बाणगंगा-परानाहिता नदी प्रणाली:<br>अक्षांश 20° 0′ 30″ उत्तर, रेखांश 79° 47′ 08″ पूर्व पर चंदापुर ग्राम के निकट पुल से अक्षांश 18° 49′ 33″ उत्तर, रेखांश 79° 54′ 33″ पूर्व पर कालेश्वरम में गोदावरी नदी के संगम तक। |
| 110. | राष्ट्रीय जलमार्ग 110 | यमुना नदी:<br>अक्षांश 28° 45′ 28″ उत्तर, रेखांश 77° 13′ 50″ पूर्व पर जगतपुर (वजीराबाद बराज से 6 किलोमीटर धारा प्रतिकूल) दिल्ली से अक्षांश 25° 25′ 24″ उत्तर, रेखांश 81° 53′ 20″ पूर्व पर संगम इलाहाबाद में गंगा और यमुना के संगम तक। |
| 111. | राष्ट्रीय जलमार्ग 111 | जुआरी नदी:<br>अक्षांश 15° 16′ 15″ उत्तर, रेखांश 74° 07′ 11″ पूर्व पर सनवरदम पुल से अक्षांश 15° 25′ 25″ उत्तर, रेखांश 73° 48′ 13″ पूर्व पर मरम्गांव तक। |